# प्रदेश में खुलेंगे दो सरकारी नशामुक्ति केंद्र, 2025 तक ड्रग्स फ्री होगी देवभूमि

## चर्चा में क्यों?

29 जुलाई, 2022 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नार्को समन्वय की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को 2025 तक ड्रग्स फ्री देवभूमि के लिये मिशन मोड में काम करने और राज्य में दो सरकारी नशामुक्ति केंद्र खोलने का निर्देश दिया।

## प्रमुख बिंदु

- बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ड्रग्स लेने वाले बच्चों और युवाओं की सही तरीके से काउंसलिंग की व्यवस्था की जाए। कॉलेजों में एडमिशन के समय विशेष काउंसलि की जाए।
- उन्होंने कहा कि ड्रग्स लेते हुए पकड़े जाने वाले बच्चों के साथ अपराधियों की तरह बर्ताव न करके उनके पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया जाए। कॉलेजों में अभिभावक-शिक्षकों की बैठक नियमित रूप से की जाए।
- मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभागों के सहयोग से एंटी ड्रग्स टास्क फोर्स को सक्रिय किया जाए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-government-de-addiction-centers-to-be-opened-in-the-state,-devbhoomi